# AI-1141
# (005) B. Sc. PART-II (TWO)
# Examination MAR.-APR. 2021
## Compulsory/Optional
## Group-
## Paper- I

**Name/Title of Paper- FC :HINDI LANGUAGE**

**Time:- Three Hours** **Maximum Marks- 075**

**Minimum Passing Marks-026**

**नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान है।**

**Note: Answer all questions. All questions carry equal marks.**

**प्रश्न 1.** (क) चोरी और प्रायश्चित निबंध से हमें क्या सीख मिलती है? समझाइए। **08**

**अथवा**

चोरी और प्रायश्चित निबंध का सारांश लिखिए।

(ख) कार्यालयीन हिन्दी के स्वरूप और विकास को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **07**

**अथवा**

हिन्दी भाषा और उसके विविध रूपों पर प्रकाश डालिए।

**प्रश्न 2.** (क) आचार्य नरेन्द्र देव के अनुसार समाज में नवयुवकों की क्या भूमिका होनी चाहिए। **08**

**अथवा**

युवकों का समाज में स्थान निबंध का केन्द्रीय भाव लिखिए।

(ख) वित्त एवं वाणिज्य की भाषा की विवेचना कीजिए। **07**

**अथवा**

मशीनी भाषा पर प्रकाश डालिए।

**प्रश्न 3.** (क) मातृभूमि निबंध में वर्णित भारत वर्ष के स्वरूप का वर्णन कीजिए। **08**

**अथवा**

मातृभूमि पाठ के आधार पर भारत के साँस्कृतिक वैशिष्ट्य को उद्घाटित कीजिए।

(ख) संज्ञा किसे कहते हैं? उसके कितने प्रकार हैं? उन्हें परिभाषित करके प्रत्येक का उदाहरण दीजिए। **07**

**अथवा**

विशेषण की परिभाषा देते हुए उसके भेद उदाहरण सहित लिखिए।

**प्रश्न 4.** (क) "डॉ. खूबचंद बघेल छत्तीसगढ़ की माटी के सर्वाधिक मोहक सुगन्ध थे।" इस कथन पर प्रकाश डालिए। **08**

**अथवा**

डॉ. खूबचंद बघेल के महत्वपूर्ण कार्यों को संक्षेप में लिखिए।

(ख) समास किसे कहते हैं? उदाहरण सहित उसके प्रकारों का उल्लेख कीजिए। **07**

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद करते हुए संधि का नाम बताइए :–(कोई सात)
मनस्ताप, भाग्योदय, मनोरथ, देवर्षि, निष्कलंक, जगन्नाथ, नयन, यद्यपि, रमेश

**प्रश्न 5.** (क) संभाषण–कुशलता निबंध को संक्षेप में समझाइए। **08**

**अथवा**

संभाषण–कुशलता पाठ का केन्द्रीय भाव लिखिए।

(ख) अच्छे अनुवादक में क्या–क्या गुण होने चाहिए? सोदाहरण लिखिए। **07**

**अथवा**

अनुवाद क्या है? इसे सांस्कृतिक सेतु की संज्ञा क्यों दी जाती है।